**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**17.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**भाजपा सेवा पखवाड़ा**

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन है इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी समूचे देश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। यह पखवाड़ा आज से 2 अक्टूबर तक चलेगा। प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक भाजपा, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला शुरू करेगी। भाजपा सेवा पखवाड़े के दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी।

इस बीच प्रदेश में भी सभी 17 संगठनात्मक जिलों में भाजपा आज रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रही है। इसके अलावा आज शिमला के रिज मैदान पर रक्तदान शिविर और ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने दी।

**आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी पूरे देश व प्रदेशभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रही है, साथ में एक प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है जो पूरे प्रदेश में धीरे धीरे सभी पारलिमेंट में जाएगी। शिमला में एक रक्तदान शिवर का आयोजन रिज मैदान में किया गया है जिसमें डॉ. राजीव बिंदल जी जो हैं मुख्यातिथि रहने वाले हैं। ये एग्जीव्यूशन जो है वो गेयटी थियेटर में लग रही है और उसका इनोग्रेशन भी जो है प्रदेश अध्यक्ष ही करेंगे। मंडी जिला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जी ब्लड कैंप में रहने वाले हैं और अनुराग ठाकुर जी हमीरपुर में रहेंगे।**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्य प्रदेश के धार जिले से देश व्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ करेंगे। ''स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान'' के तहत आज से दो अक्तूबर तक देश में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे, जिनमें महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इधर प्रदेश में इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। वे इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में आईजीएमसी शिमला में उपस्थित रहेंगे।

**स्वच्छता ही सेवा 2025**

स्वच्छता ही सेवा 2025 का 9वां संस्करण आज पूरे देश में शुरू हो गया है। 15 दिवसीय इस अभियान का उद्देश्य देश भर में लाखों लोगों को सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियानों के लिए प्रेरित करना है जिसका व्यापक असर हो। आवासन और शहरी मामलों के मंत्रालय और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से संयुक्त रूप से शुरू किया गया, स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान नागरिकों, समुदायों और संस्थानों को एक साथ लाने पर केंद्रित है।

**प्रधानमंत्री –जीएसटी**

केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए सुधार के चलते दैनिक उपयोग की अधिकांश चीजों पर जीएसटी दरें कम की गई है जिससे घरेलू इस्तेमाल के सभी प्रकार के इलैक्ट्रॉनिक सामान 10 प्रतिशत की कटौती के साथ अब 18 प्रतिशत सलैब के तहत आ गए हैं। राजधानी शिमला में भी नवरात्रों से शुरू होने वाले त्योहारी सीज़न को लेकर कारोबारियों में विशेष उत्साह नज़र आ रहा है। इन्हें दस प्रतिशत जीएसटी घटने से कारोबार में बढ़ौतरी की उम्मीद है।

**जब से जीएसटी कम हुआ है तो हमारी सेल बढ़ने के पूरे–पूरे आसार हैं। जितने भी कस्टमर आ रहे हैं वो यही पूछ रहे हैं कि जीएसटी कब कम होगा। सेल तो डेफिनेटली बढ़ेगी क्योंकि दस परसेंट का फर्क पड़ेगा। जैसे 32 इंच के उपर के जो एलईडी हैं सारे 28 पे थे वो 18 में आ गए हैं। रेट कम होगा तो सेल बढ़ेगी।**

**28 परसेंट से 18 परसेंट पर जो आईटमस आई हैं उसपे 43 इंचिज़ अबव टीवी हैं। डिस्वॉसर और हमारे एयर कंडीशनर हैं। जब से ये पता चला है तो काफी कस्टमर रूका हुआ है। उम्मीद है कि जो फेस्टिवल सीजन है वह इस बार अच्छा जाएगा और सेल बढ़ेगा हमारा।**

**लोक निर्माण मंत्री**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल शिमला में  विशेष टास्क फोर्स समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। इस समिति का गठन हिमाचल प्रदेश में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से संबंधित प्राथमिकता वाले मुद्दों के समाधान के लिए किया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने बुनियादी ढांचे के विकास और सड़कों के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीते कल भी राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। बीते दिनों हुई भारी वर्षा से कुल्लू जिला में अभी भी सड़कें, रास्ते और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हैं, जिसके चलते जिला के मनाली व बंजार उपमंडल में आज व कल दो दिनों के लिए सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने का निर्णय लिया गया है। मौसम विभाग ने आज से अगले कुछ दिनों के लिए मानसून के धीमा पड़ने की संभावना जताई है जबकि राज्य के कुछ क्षेत्रों में आज हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते है दोपहर 3 बजे। नमस्कार......

————————